जाने के क्या कारण हैं जिससे कि इसका समुचित उपयोग किया जाये और आय का स्रोत बने ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) से (ग) रामगढ़ के नजदीक मनहेरा टिब्बा गैस क्षेत्र से लगभग 50,000 घन मीटर गैस प्रतिदिन का उत्पादन किए जाने की संभावना है। संपूर्ण मात्रा को राजस्थान राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा रामगढ़ में स्थापित किए जा रहे विद्युत संयंत्र के लिए वर्ष 1985 में ही आवंटित कर दिया गया है।

(घ) और (ङ) भारत सरकार द्वारा दिनांक 1.1.92 को घोषित प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण फार्मूले के अनुसार गैस की कीमत ली जाएगी।

**राजस्थान में गैस-आधारित विद्युत केन्द्रों को गैस की सप्लाई**

**2183. श्री शिवचरण सिंह** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में गैस-आधारित अंता विद्युत केन्द्र की उत्पादन क्षमता को दुगुनी करने के लिए उसे गैस की सप्लाई करने के संबंध में राजस्थान सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है और उस पर कब तक निर्णय ले लिए जाने की संभावना है तथा इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) जी, हां।

(ख) गैस के आवंटन को वर्ष 1990 में ही निर्दिष्ट कर दिया गया था।

**Hiring of Essar Tankers**

2184. SHRI SATISH PRADHAN :
SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA :

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the news reports appearing in the Economic Times dated 18 th May, 1992 under the caption "Hiring of Essar tankers raises eyebrows" ;

(b) if so, what is the reaction of Government to the reported hiring of two oil tankers from Essar Shipping Limited on highly generous terms by Oil Coordination Com-mi.tee on a five year contract of over Rs. 450 crore with freight rae on cost plus basis and details of MOU signed and its legal sanctity ;

(c) whether it is a fact that current marke. rates for chartering oil tankers are much lower than what would be paid to ESL if so, the estimated yearly loss on this account to the Government on the basis of competitive offers from other companies to oil coordination commiitee ; and

(d) what is the reaction of Government to the serious deviations committed in the report in finalisa-tion of the deal ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (d) Indian Ciudo Caniers including the two belonging to M/s. Essar are engaged on cost plus basis in accordance with the current Government policy Inthis regard and therefore, the question of any loss does not arise.